दिन– गुरूवार | दिनांक– 14 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 06.35 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उनासीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अब से थोड़ी देर बाद शाम सात बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल लाल किले की प्राचीर पर राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना के गांधी मैदान में करेंगे ध्वजारोहण।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को बिहार में एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से हटाये गये पैंसठ लाख मतदाताओं के नाम सार्वजनिक करने का आदेश दिया।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना, वैशाली, बेगूसराय और मुंगेर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति की समीक्षा की। राहत और बचाव कार्य तेज करने का दिया निर्देश।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उनासीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अब से थोड़ी देर बाद शाम सात बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित होगा। आकाशवाणी के क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढे नौ बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण होगा। दूरदर्शन के सभी चैनलों पर भी हिंदी और फिर अंग्रेजी भाषा में राष्ट्रपति का संबोधन प्रसारित किया जाएगा। इसके बाद, दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

---

आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। इस दिन उन्नीस सौ सैंतालीस में भारत के विभाजन के दौरान लोगों के पीड़ितों और कष्टों को याद किया जाता है।

–––रिपोर्ट–––

इस दिन राष्ट्र उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता है जिन्होंने वर्ष 1947 में विभाजन के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये दिन हमारे इतिहास के उस दुखद अध्याय के दौरान अनगिनत लोगों द्वारा झेले गए दर्द की याद दिलाता है। श्री मोदी ने कहा कि यह दिन हमारे देश को एक सूत्र में पिरोने वाले सद्भाव के बंधन को मजबूत करने की हमारी स्थायी जिम्मेदारी की भी याद दिलाता है। देश के विभाजन के कारण अपनी जान गंवाने वाले और अपनी जड़ों से विस्थापित हुए सभी लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए, 2021 में, सरकार ने हर साल 14 अगस्त को उनके बलिदान के उपलक्ष्य में मनाने का निर्णय लिया था। अमन की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं आकर्षिता सिंह।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विभाजन की विभीषिका में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री शाह ने कहा कि देश विभाजन के

दर्द को कभी नहीं भूलेगा। इधर, प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया।

---

देश कल उनासीवीं स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस अवसर पर दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे। वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह का विषय नया भारत है।

–––बाईट–––

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उत्सव मनाया जाएगा। निमंत्रण पत्रों पर ऑपरेशन सिंदूर का लोगो और चिनाब पुल का वॉटरमार्क भी अंकित है। लाल किले में होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से लगभग पांच हज़ार विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इनमें स्पेशल ओलिमपिक 2025 का भारतीय दल, अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के विजेता और खेलो इंडिया पैरा गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता शामिल हैं। नागरिकों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने और ऑपरेशन सिंदूर की जीत का जश्न मनाने के लिए, स्वतंत्रता दिवस समारोह की शाम को पहली बार देश भर में कई बैंड प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। ये प्रस्तुतियाँ सेना, नौसेना, वायु सेना, भारतीय तटरक्षक बल, एनसीसी और असम राइफल्स के बैंड देश भर के 140 से अधिक प्रमुख स्थानों पर प्रस्तुत करेंगे। समाचार कक्ष से आनंद पाठक।

---

पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। परेड में बिहार पुलिस, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, बीएमपी, होमगार्ड, एनसीसी और भारत स्काउट्स एंड गाईड के जवान भाग लेंगे। साथ ही बीस झांकियां निकाली जायेंगी। समारोह को देखते हुए पटना में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। सीसीटीवी कैमरे से गांधी मैदान और आस–पास के इलाकों की निगरानी की जा रही है।

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कल राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा।

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बिहार के पन्द्रह पुलिस कर्मियों को वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया जायेगा। गृह मंत्रालय ने कहा है कि सात पुलिसकर्मियों को वीरता पदक, दो पुलिसकर्मियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और छह पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया जायेगा।

---

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राज्य में हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

———म्युजिक———

समस्तीपुर में आयोजित तिरंगा यात्रा में केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय शामिल हुये। उन्होंने कहा कि आज देश तुष्टिकरण की राजनीति के ऊपर उठकर एक भारत श्रेष्ठ भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में अग्रसर है।

———बाईट———

बेतिया में आयोजित तिरंगा यात्रा में सांसद संजय जायसवाल समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। पटना, गया, बक्सर, शेखपुरा, गोपालगंज, बेगूसराय, सुपौल और शिवहर समेत अन्य जिलों में भी तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

———म्युजिक———

---

सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से हटाये गये पैंसठ लाख मतदाताओं के नाम सार्वजनिक करने का आदेश दिया है। साथ ही न्यायालय ने कहा कि जिस कारण से नाम हटाये गये हैं, उसका भी उल्लेख किया जाए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे. बागची की पीठ ने कहा कि इस सूची को जिला स्तर पर जारी किया जाए और सबके नाम के आगे हटाने का कारण बताया जाए। इस सूची को प्रखंड और पंचायत स्तर के कार्यालय पर भी लगाने को कहा गया है। इसके अलावा न्यायालय ने इस संबंध में समाचार पत्र, रेडियो और टेलीविजन के माध्यम से भी लोगों के बीच सूचना पहुंचाने के निर्देश दिये। पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग मंगलवार तक यह बताये कि एसआईआर प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतने के लिए वह क्या कदम उठा रहा है। मामले की अगली सुनवाई बाईस अगस्त को होगी।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि दावे और आपत्तियों की अवधि के चौदह दिन बीत जाने के बाद भी, एसआईआर के संबंध में किसी भी राजनीतिक दल द्वारा एक भी दावा या आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई है। हालाँकि, प्रारूप सूची के संबंध में मतदाताओं से सीधे तौर पर तेईस हजार पांच सौ सत्तावन दावे और आपत्तियाँ प्राप्त हुई हैं।

---

निर्वाचन आयोग ने वैशाली की सांसद वीणा सिंह से दो विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची में नाम रखने के मामले में स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही इसी मामले में सांसद के पति और विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह से भी स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने सोलह अगस्त की शाम पांच बजे तक दोनों को अपना जबाव देने का निर्देश दिया है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना, वैशाली, बेगूसराय और मुंगेर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति की समीक्षा की। श्री कुमार ने वैशाली जिले के राघोपुर दियारा, पटना के काला दियारा, रूपसमहाजी, रामनगर, कसहा दियारा तथा मोकामा, बाढ़ और फतुहा के टाल क्षेत्रों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच सूखा राशन, पशु चारा, पॉलिथीन शीट और दवा समेत अन्य जीवनरक्षक सामानों का वितरण सुनिश्चित करने को कहा।

---

गंगा नदी के उफान पर रहने के चलते प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। दस जिलों की तीस लाख से अधिक की आबादी बाढ़ की चपेट में हैं। जलस्तर में कमी आने के बावजूद अभी भी गंगा नदी कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

गंगा नदी के बढ़े जलस्तर के कारण पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद स्थित फरक्का बराज के सभी एक सौ नौ फाटक खोल दिये गये हैं। इसके बाद नदी के जलस्तर में गिरावट देखी जा रही है। हालांकि मुंगेर में अभी भी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी की प्रवृति बनी हुई है। पटना के दीघा घाट में नदी खतरे के निशान से नीचे आ चुकी है। गांधी घाट और हाथीदह में नदी के जलस्तर में कमी आयी है लेकिन अभी भी यह लाल निशान से ऊपर है। समाचार कक्ष से कल्पना झा।

इधर, भागलपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के बारह प्रखंड की एक सौ दस पंचायतें और शहरी क्षेत्र के चार वार्ड बाढ़ की चपेट में हैं।

–––बाईट–––

भागलपुर जिले के बारह प्रखंड बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हैं। कहीं कमर तक तो कहीं छाती तक पानी का जमाव है। बाढ़ पीड़ितों का कहना है कि शिविर में जगह कम होने के कारण काफी परेशानियां हो रही हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोग रतजगा करने को विवश हैं। इधर, किसानों की मेहनत बाढ़ की भेंट चढ़ चुकी है। सैकड़ों एकड़ खेत में लगी धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

हमारे मुंगेर संवाददाता ने बताया कि जिले के दो सौ तिरेपन गांव बाढ़ की चपेट में हैं।

–––बाईट–––

मुंगेर जिले में हजारों बाढ़ पीड़ित घर छोड़ कर एनएच 80, बबुआ घाट, समाहरणालय कार्यालय के आस–पास और सरकार द्वारा बनाये गये आश्रय स्थलों पर शरण लिए हुये हैं। कहीं–कहीं बाढ़ पीड़ितों को पॉलिथीन शीट के सहारे गुजर–बसर करना पड़ रहा है। पेयजल और शौचालय की समस्या भी झेलनी पड़ रही है। किसान और पशुपालक पशु चारे की समस्या से जूझ रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ पीड़ितों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधायें नाकाफी साबित हो रही हैं, जिस कारण लोगों में आक्रोश व्याप्त हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

कटिहार जिले में गंगा, कोसी, महानंदा, बरंडी और कारीकोसी नदियों के उफान पर रहने के चलते बाढ़ की स्थिति लगातार गम्भीर बनी हुई है। खगड़िया से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा के साथ–साथ बूढ़ी गंडक और कोसी नदी लगातार तबाही मचा रही है। खगड़िया सदर, परबत्ता और मानसी प्रखंड बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हैं। इधर, पटना, वैशाली, बेगूसराय सारण, भोजपुर और लखीसराय जिले में बाढ़ प्रभावित इलाकों की स्थिति गम्भीर बनी हुई है।

---

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना के अथमलगोला में रिकॉर्ड दो सौ छब्बीस मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज बांका, भागलपुर और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

---

जम्मू–कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा, एलओसी पर आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान भागलपुर निवासी सेना के हवलदार अंकित कुमार शहीद हो गए। उनका पार्थिव शरीर कल जिले के रंगरा प्रखंड के चापर गांव लाया जायेगा। यहां उनका पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार होगा।

---

पटना उच्च न्यायालय ने राजद के पूर्व विधायक राजबल्लभ यादव को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में बरी कर दिया है। निचली अदालत ने उन्हें इस मामले में उम्र कैद की सजा सुनाई थी। राजबल्लभ यादव पर नवादा में अपने आवास पर एक नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप लगा था।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उनासीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अब से थोड़ी देर बाद शाम सात बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल लाल किले की प्राचीर पर राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना के गांधी मैदान में करेंगे ध्वजारोहण।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को बिहार में एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से हटाये गये पैंसठ लाख मतदाताओं के नाम सार्वजनिक करने का आदेश दिया।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना, वैशाली, बेगूसराय और मुंगेर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति की समीक्षा की। राहत और बचाव कार्य तेज करने का दिया निर्देश।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।